□ जनपद- हाथरस □

♦□ प्रेस नोट सं0-103 ♦□

□ दिनांक- 24.01.2025□

!!□ थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत आशीर्वाद धाम कॉलोनी में घटित सनसनीखेज दो बच्चियों की हत्या की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों से हुई पुलिस मुठभेड़ में आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त विकास व अभियुक्त लालूपाल घायल/गिरफ्तार , कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस , 02 जिंदा कारतूस 315बोर, 02 चाकू (घटना में प्रयुक्त), 01 बैग,01 मुफलर,कपडे (घटना के समय पहने हुए खून लगे हुए) बरामद। !!□

घटना का विवरण - दिनांक 23.01.2025 को वादिया द्वारा थाना कोतवाली नगर पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि दिनांक 23.01.2025 की रात्रि में समय करीब 12.30AM बजे उसके भतीजे आरोपी विकास ने अपने अन्य साथी के साथी के साथ मिलकर मेरी दोनो बच्चियो को चाकू से वार कर मार दिया है तथा वादिया व उसके पति के ऊपर जान से मारने की नियत से चाकू से वार किया, जिससे दोनो के चोट आयी और दोनो घायल हो गये। जिसके सम्बन्ध में वादिया से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

➡□ पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना के अनावरण एवं अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया। एसओजी एवं सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था। विवेचना के क्रम में टीमो द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी है। जिसके क्रम में गठित टीमो के कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त ग्राउंड, टेक्निकल इंटेलीजेंस व प्राप्त अन्य लाभप्रद सूचनाओं के संकलन के तहत आज दिनांक 23/24.01.2025 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी टीम द्वारा पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में उक्त अभियोग में नामित अभियुक्त विकास उपरोक्त व प्रकाश मे आये अन्य 01 अभियुक्त लालूपाल उपरोक्त को घायल/गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस , 02 जिंदा कारतूस 315बोर, 02 चाकू (घटना में प्रयुक्त), 01 बैग,01 मुफलर,कपडे (घटना के समय पहने हुए खून लगे हुए) बरामद हुए है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

▶□ गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर बताया कि वादिया के पति छोटेलाल गौतम के भाई के पुत्र सोनेलाल ने छोटेलाल की संपत्ति हड़पने के लिए उनको 02 लाख रुपए में छोटेलाल व उसके परिवार की हत्या करने के लिए अभियुक्तगणों से कहा था। तथा अभियुक्तों को 20000 रुपए एडवांस भी दिए थे। जिसके क्रम में अभियुक्तों ने योजनानुसार रात्रि में उक्त घटना कारित की थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता अभियुक्त-

1. विकास पुत्र ओमप्रकाश निवासी किशनपुर कपलिया जहानाबाद जनपद फतेहपुर ।
2. लालूपाल पुत्र कल्लू निवासी कपिलकलां जहानाबाद जनपद फतेहपुर ।

बरामदगी का विवरण-

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 02 खोखा कारतूस व 012 जिंदा कारतूस 315बोर
3. 02 चाकू (घटना में प्रयुक्त) ।
4. 01 बैग
5. 01 मफलर

6. कपडे (घटना के समय पहने हुए खून लगे हुए)

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम–

1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजय सिंह मय टीम थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस।

2- निरीक्षक श्री गिरीश चन्द्र गौतम प्रभारी एसओजी टीम मय टीम जनपद हाथस।

MEDIA CELL HATHRAS